## फीडबैक (प्रतिक्रिया) दें

**आपके पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- आपसे बर्ताव किए जाने के तरीके को प्रभावित किए बिना फीडबैक देने, सवाल पूछने या शिकायत करने का।

  फोन करें: 1800 242 696

  ई-मेल: feedback@lchs.com.au

  वेब: www.lchs.com.au
- अपने चिंताओं का समाधान स्पष्ट और निष्पक्ष रूप से, तथा सामयिक ढंग से कराने का
- प्रासंगिक कमीशनर को शिकायत करें:

### स्वास्थ्य शिकायत कमीशनर

फोन करें: 1300 582 113

ई-मेल: hcc@hcc.vic.gov.au

वेब: www.hcc.vic.gov.au

**NDIS गुणवत्ता एवं संरक्षण कमीशनर**

फोन करें: 1800 035 544

वेब: www.ndiscommission.gov.au

**वयोवृद्ध देखरेख गुणवत्ता एवं सुरक्षा कमीशनर**

फोन करें: 1800 951 822

डाक: GPO Box 9819, Melbourne VIC 3000

वेब: www.agedcarequality.gov.au

**मानसिक स्वास्थ्य शिकायत कमीशनर**

फोन करें: 1800 246 054

ई-मेल: help@mhcc.vic.gov.au

वेब: www.mhcc.vic.gov.au

**यदि आप नेशनल डिसेबिल्टी इंश्योरेंस स्कीम (NDIS) को फीडबैक प्रदान करना चाहते/चाहती हैं:**

फोन करें: 1800 800 110

ई-मेल: feedback@ndis.gov.au

**आपकी यह जिम्मेदारी है कि आप:**

- हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाले देखरेख, समर्थन या सेवाओं से यदि आपको कोई समस्याएँ हैं तो हमें बताएँ
- अपनी चिंताओं का समाधान पहले हमारे साथ करने की कोशिश करें

**और अधिक जानकारी हमारी वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है:**
www.lchs.com.au

पूछताछ के लिए, कृपया फोन करें: 1800 242 696
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 8.30 बजे से लेकर शाम 5.00 बजे तक

# आपके अधिकार और आपकी जिम्मेदारियाँ

Latrobe Community Health Service (Latrobe सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा) सर्वश्रेष्ठ संभव स्वास्थ्य-देखरेख और समर्थन सेवाएँ प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं के साथ मिलकर काम करती है।

यह पुस्तिका वर्णन करती है कि आप या जिस व्यक्ति की आप देखभाल करते/करती हैं, वह हमारी सेवाओं में से किसी सेवा का प्रयोग करते समय Latrobe Community Health Service से क्या उम्मीद कर सकता है।

Latrobe Community Health Service

## पहुँच

**आपके पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- भुगतान करने की आपकी क्षमता या इस बात पर ध्यान दिए बिना कि आपके पास प्राइवेट इंश्योरेंस है या नहीं, अपने लिए ज़रूरी स्वास्थ्य देखभाल, सेवाओं और समर्थन तक पहुँच का अधिकार

## सुरक्षा

**आपके पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- सुरक्षात्मक, उच्च गुणवत्तापूर्ण सेवाओं, समर्थन और देखरेख का जो राष्ट्रीय मानकों को पूरा करती हों
- हमारी सेवाओं का प्रयोग एक ऐसे परिसर में करना जो सुरक्षित हो और आपको सुरक्षित महसूस कराता हो

**आपकी यह जिम्मेदारी है कि आप:**

- आपका समर्थन करने और आपके साथ बर्ताव करने के लिए हमें ज़रूरी सूचना दें
- जब हम आपसे मिलने आ रहे हों या आप हमसे मिलने आ रहे हों तो एक सुरक्षित परिसर प्रदान करें

## सहभागिता

**आपके पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- यदि आप किसी बात को लेकर अनिश्चित हैं तो सवाल पूछने का और स्पष्ट तथा निष्पक्ष संचार में शामिल होने का
- अपनी स्वास्थ्य देखरेख और समर्थन में सक्रिय भूमिका निभाने का
- अपने उपचार, सेवाओं और समर्थन के बारे में फैसले लेने में भाग लेने का
- आपको प्राप्त होने वाले स्वास्थ्य देखरेख और सेवाओं के बारे में नियोजन और फैसले लेने की प्रक्रिया में जिन लोगों को आप शामिल करना चाहते हैं, उसका अधिकार
- हमारी सेवाओं के नियोजन, डिज़ाइन और आकलन में भाग लेने का
- कर्मचारियों के साथ बातचीत करके, पत्र लिखकर, सर्वेक्षण पूरा करके या हमारी सामुदायिक परामर्शी कमेटी से जुड़कर अपने विचार और अनुभव साझे करने का

## सम्मान

**आपके पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- एक व्यक्ति-विशेष के तौर पर आपके साथ सम्मान, गरिमा और आदर के साथ बर्ताव किए जाने का
- आपकी संस्कृति, पहचान, विचारधाराओं और विकल्पों को स्वीकृत किए जाने का और इनका सम्मान किए जाने का

**आपकी यह जिम्मेदारी है कि आप:**

- हमारे कर्मचारियों और अन्य उपभोक्ताओं के साथ सम्मान, गरिमा और आदर के साथ बर्ताव करें

## सूचना

**आपके पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- अपने स्वास्थ्य और आपको मिलने वाली सेवाओं के बारे में स्पष्ट, समझ आने योग्य सूचना प्राप्त करने का
- आपको मिलने वाली सेवाओं के संभावित लाभों और खतरों को समझने का, ताकि आप एक सुविज्ञ सहमति दे सकें
- हमारी सेवाओं, प्रतीक्षा अवधियों और खर्च के बारे में जानकारी प्राप्त करने का
- दूसरी राय लेने का
- आपको ज़रूरत पड़ने पर सहायता दिए जाने का, ताकि आपको अपनी स्वास्थ्य सूचना को समझने और इसका प्रयोग करने में मदद मिल सके
- अपने स्वास्थ्य देखरेख रिकॉर्ड देखने का – कृपया हमारे रिकॉर्ड्स मैनेजमेंट ऑफिसर को 1800 242 696 पर फोन करें
- यदि हमारी सेवा का प्रयोग करते समय कुछ सही नहीं हुआ है तो इसकी सूचना दिए जाने का, यह कि यह कैसे हुआ है, यह आपको कैसे प्रभावित कर सकता है और आपकी देखरेख को सुरक्षित करने के लिए क्या किया जा रहा है

**आपकी यह जिम्मेदारी है कि आप:**

- अपॉइंटमेंट्स में भाग लें, या यदि आप भाग नहीं ले सकते/सकती हैं तो हमें बताएँ

## गोपनीयता

**आपके पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- अपनी व्यक्तिगत गोपनीयता का सम्मान किए जाने का
- अपनी सूचना को सुरक्षित और गोपनीय रखे जाने का
- इस बात में अपने विचार रखने का कि आपकी व्यक्तिगत स्वास्थ्य सूचना के साथ क्या होता है
- अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुँच को सीमित करने का और यदि आप चाहें तो अपने स्वास्थ्य देखरेख पर संभावित प्रभाव को समझने का
- यदि कोई सूचना गलत या अधूरी है तो अपने व्यक्तिगत रिकॉर्ड को अपडेट किए जाने का
- अपने संपूर्ण स्वास्थ्य रिकॉर्ड के लिए सूचना की स्वतंत्रता या स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स कानून के अधीन आवेदन करने का

**आपकी यह जिम्मेदारी है कि आप:**

- अन्य लोगों की गुप्तता और गोपनीयता का सम्मान करें

## बच्चे

**हम बच्चों और युवाओं के अधिकारों का सम्मान करते हैं यदि आप बाल या युवा व्यक्ति हैं, तो आपके पास निम्नलिखित अधिकार हैं:**

- अपने लिए ज़रूरी देखरेख प्राप्त करने का
- सुरक्षित महसूस करने और सुरक्षित रहने का
- आप जो हैं उसके लिए आपके साथ सम्मानपूर्वक बर्ताव किए जाने का
- यह समझने का कि क्या हो रहा है और क्यों
- हमसे सवाल पूछकर अपनी देखरेख में शामिल होने का, हमें यह बताने का कि हम क्या ठीक से कर रहे हैं और क्या ठीक से नहीं कर रहे हैं
- जब आप हमारी सेवाओं का प्रयोग कर रहे/रही हैं तो उन लोगों को शामिल किए जाने का जिन्हें आप इसमें शामिल किए जाना चाहते/चाहती हैं
- गोपनीयता